भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1554

सोमवार, 9 फ़रवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)

नासिक में ईएसआईसी अस्पताल

†1554. **श्री असादुद्दीन ओवैसी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मालेगांव के पावरलूम श्रमिकों की संख्या का ब्यौरा क्या है और क्या छह लाख श्रमिकों ने नासिक स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के किसी अस्पताल से चिकित्सा या स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त की हैं;

(ख) मालेगांव में प्रचुर मात्रा में श्रमिक आबादी होने के बाद भी, जो ईएसआईसी प्रीमियम में महत्वपूर्ण योगदान देती है, वहां ईएसआईसी अस्पताल की स्थापना न होने के कारण क्या हैं; और

(ग) मालेगांव में श्रमिक आबादी को ईएसआईसी सुविधाओं के बारे में जागरुक करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग): मालेगांव के कैचमेंट क्षेत्र (25 किमी के दायरे में) में वर्तमान बीमित व्यक्ति (आईपी) की आबादी 4,186 है जिसमें मालेगांव में वस्त्र क्षेत्र में बीमित व्यक्ति की आबादी भी शामिल है।

नासिक में ईएसआई लाभार्थियों को चिकित्सा सुविधाएँ सतपुर में ईएसआई योजना राज्य अस्पताल के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा, जिले में 20 सूचीबद्ध द्वितीयक हेल्थकेयर अस्पतालों और 11 सूचीबद्ध तृतीयक हेल्थकेयर अस्पतालों के माध्यम से द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

जारी-2/--

हालांकि, मालेगांव के ऐसे पावरलूम मजदूरों की संख्या के बारे में अलग से किसी आंकड़े का रख-रखाव नहीं किया गया है, जिन्होंने उक्त अस्पताल से चिकित्सा या स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया है।

100 बिस्तरों वाले ईएसआई अस्पताल की स्थापना के लिए मौजूदा मानदंडों के अनुसार, प्रस्तावित स्थान के 25 किमी के दायरे में न्यूनतम 50,000 बीमित व्यक्तियों (आईपी) की आवश्यकता होती है। चूंकि मालेगांव में उपलब्ध आईपी आबादी निर्धारित मानदंड से काफी कम है, इसलिए वर्तमान में मालेगांव में ईएसआईसी अस्पताल की स्थापना संभव नहीं है।

ईएसआईसी लगातार ईएसआई योजना के तहत उपलब्ध लाभों के बारे में जागरूकता लाने के लिए उपाय करता है| स्थानीय स्तर पर, नियोक्ताओं और कामगारों को सीधे शामिल करने के लिए नियमित रूप से आउटरीच गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा, ईएसआईसी ईएसआई लाभों, पहलों और दावा प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए प्रिंट और आउटडोर प्रचार-प्रसार, रेडियो जिंगल और डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सहित एक व्यापक मीडिया मिक्स दृष्टिकोण के माध्यम से राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाता है।

*****